# दीपावली व धनतेरस से पहले बाजारो में उमडी भीड, दुकानदारो के खिले चेहरे



सुनार की दुकान पर खरीददारी करते लोग हायर सैकण्डी में सजा आतिशवाजी मार्केट।

**गंगापुर सिटी ।** दीपावली को लेकर बाजारों में रौनक लौट आई है। दुकानों में खरीदारों की भारी भीड देखने को मिल रही है। काफी संख्या में लोग पहुंच कर खरीददारी कर रहे है। दीपोत्सव के पहले दिन मंगलवार को धनतेरस पर बाजारों में बडे उत्साह के साथ लोगों ने जरूरत के सामानों की जमकर खरीददारी की। माना जाता है कि इस दिन खरीदारी से घर में सुख-समृद्धि आती है। ऐसे में लोग बर्तन, आभूषण, वाहन, प्रॉपर्टी, कपडों आदि की खरीदारी करते हैं। खरीददारी के कारण

- **पार्किंग व्यवस्था नहीं होने से बाजार में जाम से परेशानी रही**

मंगलवार को बाजार में दिन भर जाम की स्थिति बनी रही। सुबह से ही लोगों ने बाजार पहुंचना शुरू कर दिया। त्यौहार के मद्देनजर लोग नए कपडे, बर्तन, मोमबत्तियां, मालाएं, आभूषण, घर के सजावट का सामान, गिफ्ट व बच्चों के लिए खिलौने आदि की खरीददारी करते है। हालांकि ज्यादातर ग्राहक महंगी चीजों के बजाय कम कीमत वाली वस्तु पंसद कर रहे है। इधर शहर के नेहरू बाजार, देवी स्टोर चौराहा, सब्जी मंडी, नया बाजार, इन्द्रा मार्केट, खारी बाजार, पुरानी नगर पालिका सहित मुख्य मार्ग पर काफी चहल-पहल रही। दीपावली व धनतेरस के चलते आभूषण व कपडों के साथ-साथ बर्तनों की बिक्री भी बढी है। रसोई के बर्तन से पूरा बाजार सजने लगा है। दूसरी ओर पूजन के लिए बाजार में फूलों की माला के अलावा विभिन्न प्रकार के फूलों की मांग बढ गई है। साथ ही आर्टिफीशियल फूलों की डिमांड हो रही है। दीपावली के त्यौहार को लेकर प्रशासन भी चौकस है। इस दौरान बाजारों में लगातार बढ रही भीड के मद्देनजर बारीकी से नजर रखने के लिए सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को अपने मुख्यालय पर डटे रहने के निर्देश दिए गए है। कलेक्टर का आदेश मिलने पर एसडीएम बृजेन्द्र कुमार मीना ने इस बाबत आदेश जारी किए हैं। एसडीएम के अनुसार सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी बिना अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड सकेंगे। उन्हें हर स्थिति पर नजर रखने के निर्देश दिए गए है। इधर डीएसपी ने बताया कि बाजारों में व्यवस्था बनाए रखने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। पुलिसकर्मी सिविल ड्रेस में भी गश्त कर रहे हैं। बाजारों में वाहनों के प्रवेश निषेध किया जा रहा है ताकि यातायात व्यवस्था बनी रहे। दीपावली त्योहार को लेकर नगर परिषद प्रशासन ने भी सतर्कता के साथ ही निगरानी शुरू कर दी है। त्यौहार को देखते हुए आयुक्त ने सभी विभागिय कार्मिको को विभिन्न प्रकार की जिम्मेदारियां दी है। आयुक्त ने बताया कि अबकी बार आतिशवाजी पर प्रतिबंध है। इसके बावजूद इलाके में दो दमकलो की व्यवस्था की गई है और दमकल के संचालन के लिए 24 घंटे कार्मिक भी तैनात किए गए है। ईओ के अनुसार शहर में सफाई व्यवस्था को लेकर विशेष अभियान जारी है जिसके लिए ठेकेदारो सहित सभी कार्मिको को पाबंद किया गया है।

बाजारो में भीड ज्यादा होने के कारण पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। आलम ये रहा कि शहर के बाजारो में पैदल निकलना भी मुश्किल हो गया। वहीं पुलिस की अनदेखी के चलते दूपहिया वाहनो की रेलमपेल से बार-बार जाम लगता रहा। ऐसे में दूसरे वाहनो व राहगीरो का निकलना मुश्किल हो गया। व्यापार मण्डल, अस्पताल चौराहे सहित मण्डी गेट पर सब्जी विक्रेताओ के द्वारा ठेले लगाने से बाजार को भी सिकुडा दिया जिससे भी लोगो का परेशानी का सामना करना पड रहा है। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियो ने आमजन से त्यौहारी भीड को देखते हुए आमजन से बाजार में वाहन नहीं लाने की अपील की है। गंगापुर सिटी में शहर में मंगलवार को सुबह दिन निकलने के बाद जल्दी ही बाजार खुलने शुरू हो गए। बाजार भी पूरी तरह से दीपावली को देखते हुए सजे हुए हैं। दुकानदारों ने दुकानों के आगे सामानों को सजाकर रखा हुआ है। इसके बाद खरीदारी के लिए लोग पहुंचने लगे और सुबह साढे 1० बजे के बाद तो बाजार में खरीदारी के लिए भीड उमड पडी। दोपहर तक बाजारों में भीड के कारण पैर रखने तक जगह नहीं रही। मंगलवार को धनतेरस के चलते काफी संख्या में लोग खरीददारी के लिए पहुंचे। इस दौरान बाजारों में जाम भी लग गया। लोगों ने बाइक, इलेक्ट्रॉनिक्स आइटम, फर्नीचर, कपडे, रेडीमेड कपडे, खाने-पीने के सामान के अलावा धनतेरस को देखते हुए सोने चांदी के गहने, सोने-चांदी के सिक्के, तांबे-पीतल के बर्तन, कांसे के बर्तन आदि की जमकर खरीददारी की।

## सार-समाचार

### स्वयंसेवको ने मरीजो को बांटे फल




**गंगापुर सिटी ।** युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार माय भारत स्वयंसेवको ने 'दिवाली विद माय भारत' के प्रथम वर्षगांठ पर गंगापुर सिटी राजकीय जिला अस्पताल में युवाओं ने अस्पताल प्रशासन के साथ जुड कर आमजानो का सहयोग किया। राजकीय चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ दिनेश चंद गुप्ता के मार्गदर्शन मे युवाओं ने हेल्पडेस्क, वार्डो में जा कर मरीजों की एवं उनके परिजनों की मदद की। माय भारत टीशर्ट व कैप पहने स्वयंसेवकों ने मरीजों व उनके परिजनो से वार्तालाप कर उनकी समस्या को जाना एवं अस्पताल प्रशासन के सहयोग से उन्हें समस्या निराकरण में मदद की। इसी तरह माय भारत स्वयंसेवकों ने स्वच्छता अभियान एवं ट्रैफिक मैनेजमेंट में भी आमजनों और प्रशासन की मदद की। कार्यत्रम को गंगापुरसिटी में विवेकानंद युवा मंडल अध्यक्ष रिजुल गर्ग ने कनफेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के अध्यक्ष रवि मंगल के साथ नेतृत्व प्रदान किया। इसी तरह राजकीय अस्पताल के पीएमओ ने भी युवाओं को संबोधन किया। इस दौरान युवा मंडल सदस्य राहुल जागा, संजय प्रजापत, नितेश, कल्लू बैरवा, संजय प्रजापत, पायल मीणा, काजल जाटव, रोशन मीना, हेमलता जागा एवं कई युवा शामिल हुए।

### प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

**करौली( नि.स. )।** करौली जिले मे गत 12 से 18 सितंबर तक हैल्मेट लगाओ जान बचाओ अभियान चलाया गया जिसमें आमजनों को समझाने व पुलिस का सहयोग करने पर प्योर इंडिया ट्रस्ट के प्रतिनिधि खुश बिहारी व्यास को पुलिस अधीक्षक ने प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया । ज्ञात रहे कि प्योर इंडिया ट्रस्ट के द्वारा जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय को 25 हैल्मेट भेंट किए व आमजन को जागरूक करने में पुलिस का सहयोग किया ।इन सभी कार्य को देखते हुए पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने ट्रस्ट प्रतिनिधी खुश बिहारी व्यास को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।ट्स्ट प्रतिनिधि व्यास ने बताया की संस्था के संस्थापक प्रशांत पाल के मार्गदर्शन में वह कार्य कर रहे हैं । जिला पुलिस प्रशासन का उनके द्वारा कोविड काल में काफी सहयोग किया गया दवाई किट व मेडिकल हैल्थ कैम्प फेशील्ड। वृक्षारोपण कार्यक्रम आदि कई कार्यक्रम पुलिस प्रशासन के साथ किये गये इन सभी कार्यक्रम की सहराना करते हुए पुलिस अधीक्षक ने ट्रस्ट संस्थापक का आभार जताया।

### रन फॉर यूनिटी का आयोजन

**करौली( नि.स. )।** सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर जिले में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर त्रिलोक चंद माथुर स्टेडियम में रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों के द्वारा आमजन,छात्र-छात्राओं,बुजुर्गो सहित अन्य लोगों को राष्ट्रीय एकता की शपथ भी दिलायी गई। इसके अलावा जिला एवं ब्लॉक स्तर पर विभिन्न अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा कार्यालयों में भी राष्ट्रीय एकता की शपथ दिलाई गई। इसके अलावा राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय ने रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित समारोह में उपस्थित पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को एकता अखंडता और सुरक्षा को अक्षुण्ण बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने भारत के शिल्पकार लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के राष्ट्र कि एकता और अखंडता में अविस्मरणीय योगदान को याद करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

### उपमुख्यमंत्री का भाजपाइयों ने स्वागत किया

**हिंडौन सिटी ।** भाजपा ज़िला अध्यक्ष शिवकुमार सैनी के नेतृत्व में माननीय उप मुख्यमंत्री दियाकुमारी वित्त,पर्यटन,सार्वजनिक निर्माण, कला, साहित्य,संस्कृति और पुरातत्व,महिला एवं बाल विकास, बाल अधिकारिता विभाग राजस्थान सरकार जयपुर का स्वागत किया गया ।इस हिंडौन आगमन पर नेता प्रतिपक्ष दिनेश सैनी के द्वारा विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे राजकीय प्राथमिक विद्यालय मालियों का हनुमान खिजूरवाड़ा वार्ड नंबर 51 में बाउंड्री वॉल निर्माण,और कमरा बनवाने पत्र दिया गया और के जो भी रोड हैं। जगह जगह पर टूट चुके है महुआ रोड सुरोंठ रोड जगह जगह टूटा है हुआ हैं लोगो से टोल लिया जा रहा हैं । इस अवसर पर भाजपा ज़िला अध्यक्ष शिवकुमार सैनी,पूर्व विधायक राजकुमारी जाटव, हिंडौन नगर परिषद नेता प्रतिपक्ष दिनेश चन्द सैनी, दिलीप गुप्ता ,उधमसिंह ड्रागुर, मंडल अध्यक्ष गिर्राज मित्तल, जिला मंत्री सत्येंद्र चौधरी, पूर्व पार्षद मिर्ची धाकड एवं मोर्चा महामंत्री भूपेंद्र गुर्जर, अल्पसंख्यक मोर्चा के सदस्य लुकमान सैफी, नवीन अग्रवाल, महेश चन्द सैनी सहित सैकड़ो भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे सभी ने माला पहनाकर स्वागत किया ।

### चैन सिंह मीना जिला अध्यक्ष नियुक्त

**करौली**(नि.स.)। कांग्रेस पार्टी के युवा नेता चैन सिंह मीणा लीलोटी को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन करौली का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है

## सोशल मीडिया के माध्यम से जुटाये 5 लाख रुपये

**करौली** (नि.स.)। करौली के मांची डगरिया गांव में पिछले दिनों सांप के डंसने से पिता-पुत्र की मौत के बाद युवाओं ने सोशल मीडिया के माध्यम से 5 लाख रुपए जुटाकर पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता राशि सौंपी है। युवाओं ने सहायता राशि जुटाकर पीड़ित की आर्थिक मदद के माध्यम के लिए सोशल साइट्स के सदुपयोग करने की मिसाल पेश की है।

राजेश पहाड़ी ने बताया कि मांची गांव में गत 14 अक्टूबर को सांप के डंसने से पुष्पेंद्र और उसके पुत्र गर्वित की मौत हो गई थी। पुष्पेंद्र अपने पीछे अपनी पत्नी और एक साल कि पुत्री छोड़ गया। महिला की सहायता के लिए युवाओं ने व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर आर्थिक सहायत का मिशन चलाया। इस दौरान विभिन्न स्थानों से 750 भामाशाहो के सहयोग से 5 लाख रुपए कि राशि एकत्रित की गई। एकत्रित की गई राशि को पंच पटेल युवाओं के सामने पीड़ित परिवार को सौंपा। व्हाट्सएप ग्रुप प्रमुख कार्यकर्ता राजेश पहाड़ी ने बताया कि मांची डगरिया गांव निवासी पुष्पेंद्र राजपूत 30 टोल टैक्स पर मजदूरी करके अपने घर परिवार का जीवन यापन करता था। डगरिया गांव में रात में सोते समय सांप ने पिता पुत्र को डंस लिया। जिससे दोनों की मौत हो गई। परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। पुष्पेंद्र अपने पीछे पत्नी के साथ एक साल कि पुत्री छोड़ गया। घर में कोई कमाने वाला नहीं बचा जिससे गरीब परिवार को रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया। साथ ही पेट भरना मुश्किल हो गया। ऐसे में गांव के युवाओं ने आर्थिक सहायता एकत्रित करने के लिए व्हाट्सएप ग्रुप बनाकर अभियान शुरू करने का निर्णय लिया।

## इंटरनेट को जानो प्रश्न प्रतियोगिता आयोजित



अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस 29 अक्टूबर को फ्यूचर पॉइन्ट इंस्टीट्ययूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जयंती नगर भरतपुर पर मनाया गया।

**भरतपुर (निस)।** हर साल 29 अक्टूबर को दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस मनाया जाता है। इसी कड़ी में अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस 29 अक्टूबर को फ्यूचर पॉइन्ट इंस्टीट्ययूट ऑफ टेक्नोलॉजी, जयंती नगर भरतपुर पर मनाया गया। इस अंतर्राष्ट्रीय इंटरनेट दिवस पर इंटरनेट को जानो प्रश्न प्रतियोगिता का आयोजन संस्था परिसर में किया गया। उपस्थित विद्यार्थियों ने अपनी मानसिक कसरत का परिचय देते हुए प्रश्न प्रतियोगिता में सक्रिय होकर भाग लिया। इस प्रश्न प्रतियोगिता में आयोजित प्रथम स्थान देवांग अंगिरा द्वितीय स्थान नितिन फौजदार तृतीय स्थान राहुल सिंह ने प्राप्त किया। सभी प्रतियोगियों को संस्था की ओर से प्रतीक चिन्ह दुपट्टा के साथ सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में संस्था निर्देशक और शिक्षाविद पवन पाराशर ने कहा कि इंटरनेट एक शक्तिशाली उपकरण है। जिसमें सीखने, कौशल बढ़ाने और अपडेट ज्ञान प्राप्त करने के लिए असीम अवसर हैं। इस अवसर पर तकनीकी एक्सपर्ट सौरभ सिंह, देवराज सिंह, डोली राजपूत, शिवानी खंडेलवाल, दुर्गेश सिंह, जीवितेश सिंह, भूषण कटारा, नितिन फौजदार, देवांग सिंह, गगन खंडेलवाल, विवेक सिंह, राहुल कुमार, लोकेश कश्यप, शुभम शर्मा, ललित फौजदार, अभिषेक जैन, अंकित सिंह, प्रयांशु सिंह, कृष्णा सिंह, हेमंत शर्मा आदि उपस्थित रहे कार्यक्रम के अंत में आभार हेमलता ने जताया।

## करौली में खूब बिक रही हैं घटिया और प्रतिबंधित रंगों से बनी मिठाइयां

**करौली( नि.स. )।** दीपावली का पर्व आ गया है जिसको देखते हुए जिला मुख्यालय स्थित शहर के बाजारो में घटिया सामग्री से निर्मित मिठाइयों की दुकान सजना शुरू हो गया है।

दीपावली के त्यौहार पर घटिया सामग्री से निर्मित तरह-तरह की मिठाइयों कि बाजार में दुकान सज चुकी हैं यही नहीं घटिया खाद्य पदार्थ से मिठाइयां बनाने का दुकानदारों का कारोबार भी खूब चल रहा है बाजार में चर्चा है कि दीपावली के त्यौहार पर बाजारों में सिंथेटिक मावे कि भी बाहर से खूब आवक हो रही है जो सिंथेटिक मावे से दुकानदार तरह तरह के प्रतिबंधित रंग मिलाकर मिठाइयां बनाकर लोगों को महंगे दामों में बेचकर लोगों को जमकर लूटने के अलावा बेचकर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने पर तुले हुए हैं ऐसा कोई पहली बार नहीं कर रहे हैं जब-जब बड़े-बड़े त्यौहार आते हैं तब तब बाजारों में दुकानदार घटिया किस्म कि मिठाइयों को महंगे दामों में लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करते नजर आते हैं देखने लायक तो यह है कि सरकार और यहां का प्रशासन यह तो कहता है कि आम जनता के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ ना करें लेकिन उन घटिया सामग्री से मिष्ठान भंडारों के संचालको,दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं करते हैं जिनके खिलाफ कार्यवाही नहीं होने से ऐसा प्रतीत होता है कि सरकार और प्रशासन ने दुकानदारों को आमजन के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ करने और महंगे दामों घटिया मिठाई बेचने की छूट दे रखी है गौरतलब तो यह है कि जिला मुख्यालय पर सभी विभागों स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन, नगर परिषद और जिला प्रशासन के जिला स्तरीय अधिकारी बैठते हैं जिनकी नाक के नीचे बाजारो में दुकानदार बिना बिल के खुलेआम खाद्य पदार्थ ही नहीं कपड़े,घरेलू सामान,किराने का सामान,जेवरात, इलेक्ट्रॉनिक आइटम, फर्नीचर आदि को मनमानी दरों पर बेचकर सरकार कि जमकर टैक्स की चोरी कर रहे हैं जिसकी भी जिला मुख्यालय पर बैठे सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी अनदेखी कर रहे हैं और तो और दीपावली के पर्व पर मिठाई विक्रेताओं द्वारा मिठाइयों के साथ डिब्बे का वजन भी तौलकर लोगों को ठगा जा रहा है लेकिन बाट माप विभाग इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

## बीएसएनएल की कम्युनिकेशन प्रणाली से अवगत कराया

**भरतपुर** (निस)। अभियांत्रिकी महाविद्यालय, भरतपुर के इलैक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा महाविद्यालय के समस्त ब्रांचों के विद्यार्थियों को बी.एस.एन.एल. भरतपुर में औद्योगिक भ्रमण करवाया गया। इस भ्रमण में बीएसएनएल के हर्ष जैन के निर्देशन में विद्यार्थियों को बीएसएनएल की कम्युनिकेशन प्रणाली एवं उपकरणों के बारे में जानकारी दी। इस औद्योगिक भ्रमण से महाविद्यालय के विद्यार्थी काफी उत्साहित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रवि गुप्ता कि इलैक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा महाविद्यालय के विद्यार्थियों के लिये एक दिवसीय "इन्टुइटीव एप्रोच फॉर एनालॉग सिस्टम" विषय पर एक्सपर्ट लैक्चर का आयोजन करवाया गया। महाविद्यालय में एक्सपर्ट लैक्चर हेतु डॉ. मनोज कुमार तिवारी, सीनियर प्रिंसिपल डिजाइनर, केडेन्स डिजाइन सिस्टम से विशेष रूप से आंमत्रित किया गया। जिसमें इन्टुइटीव एप्रोच फॉर एनालॉग सिस्टम के बारे में विद्यार्थियों को जानकारी दी गयी । प्रोग्रामों के संचालन इलेक्ट्रॉनिक्स विभागाध्यक्ष डॉ. अरूणा पाठक द्वारा किया गया एवं डॉ. सुधीर केसरी, पुनीत नारायण, फतेहलाल लौहर, नदीम अहमद खान एवं सुखपाल सिंह, निमिषा जैन ने प्रोग्रामों के सुचारू संचालन में सहयोग किया गया।

## क्रिटिकल केयर ब्लाक्स में मिलेगी विश्वस्तरीय सुविधाएं : उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी




करौली के मेडीकल कॉलेज मे कार्यक्रम के दौरान शिला पट्टिका अनावरण करती उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी बीच मे

**करौली,** । नवें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष पर आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों द्वारा करौली जिला मेडिकल कॉलेज सहित

- **प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों द्वारा करौली जिला मेडिकल कॉलेज सहित राजस्थान के आठ जिलों में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास किया गया।**

राजस्थान के आठ जिलों में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास किया गया।

इस ब्लाक का निर्माण 23.75 करोड़ की लागत से किया जाएगा। जिसमें गंभीर बीमारियों से ग्रासित लोगो व दुर्घटना में घायलों स्थानीय स्तर पर ही विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा और उन्हें रेफर करने से निजात मिलेगी। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा विभिन्न राज्यों में मेडिकल कॉलेज एवं क्रिटीकल केयर यूनिट का लोकार्पण एवं शिलन्यास किया गया, इसके अलावा सीनियर सिटीजन के लिए चिकित्सीय योजना का शुभारंभ भी किया गया।

करौली में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि धनतेरस के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा वीसी के माध्यम देशभर में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का शुभारंभ किया गया है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त 23.75 करोड़ की लागत से बनने जा रहे क्रिटिकल केयर ब्लॉक से करौली सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर प्रदेश के स्वास्थ्य ढाँचे को और अधिक मज़बूती देगा व आदरणीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन और माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी के नेतृत्व में अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की हमारी डबल इंजन सरकार की परिकल्पना को साकार करेगा।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि जिले में क्रिटीकल केयर यूनिट में वर्ल्ड क्लास सुविधाएं मिलेगी तथा ब्लॉक्स में सभी प्रकार के उपकरण, विशेषज्ञ डॉक्टर तथा स्टाफ आपातकालीन सुविधाओं के लिए उपस्थित रहेंगे, जिससे की मरीजों को समय पर हर संभव उपचार मिलेगा । जिला स्तर पर सुविधाऐं मिलने पर उपचार के लिए उन्हे जिले से बाहर जाना नही पडेगा।

इस अवसर पर सांसद करौली-धौलपुर भजनलाल जाटव, विधायक करौली दर्शन सिंह गुर्जर, विधायक सपोटरा हंसराज मीणा, जिला प्रभारी सचिव आशुतोष एटी पेडनेकर, जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना, पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय, पूर्व विधायक रोहिणी कुमारी, राजकुमारी जाटव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 400 परिवारों को मिठाई वितरित की

**भरतपुर** (निस)। मित्र भारत समाज संस्थान भरतपुर के तत्वावधान में संस्थान के संस्थापक अध्यक्ष स्वर्गीय भगवत कटारा के जन्मदिवस पर सर्वधर्म दीपावली मिलन समारोह, काव्य संध्या एवं जरूरतमंद परिवारों को मिठाई वितरण कार्यक्रम परमपूज्य संत हरि चैतन्य पुरी महाराज के सानिध्य में, समृद्ध भारत मिशन के निदेशक सीताराम गुप्ता की अध्यक्षता तथा लोकपाल भरतपुर प्रवीण फौजदार, प्रोफेसर डॉक्टर अशोक कुमार गुप्ता एवं बयाना तहसील अध्यक्ष के विशिष्ट आतिथ्य में संपन्न हुआ। संस्थान के जिलाध्यक्ष कुलदीप कटारा ने बताया कि इस अवसर पर सर्वप्रथम विघ्नहर्ता गणेश जी की प्रतिमा पर अतिथियों द्वारा पुष्प अर्पण के साथ-साथ भगवत कटारा के चित्र पर माल्यार्पण कर मिठाई वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ पांच परिवारों को महाराज के कर कमलों से वितरित करवा कर 400 वंचित परिवारों को मिठाई वितरण किया गया। काव्य संध्या में कवि गोविंद डागुर ने मां सरस्वती वंदन किया तो साहित्यकार नरेंद्र निर्मल ने भगवत कटारा के व्यक्तित्व और कृतित्व पर दीपक से सीखा है। हमने जलकर भी मुस्काना नामक कविता से श्रद्धांजलि अर्पित की। तत्पश्चात संचालन के रहे श्याम सिंह जघीना ने भगवत कटारा नाम है, लोहागढ़ की शान, मृदुल व्यवहारी, सद्गुणी, थी जिनकी पहचान दोहों के माध्यम से भगवत कटारा को याद किया।

## आयुर्वेंद से हीं संभव है स्वस्थ भारत का निर्माण

**करौली,** । नवें आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष पर आयुष्मान भारत-प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करकमलों द्वारा करौली जिला मेडिकल कॉलेज सहित राजस्थान के आठ जिलों में क्रिटिकल केयर ब्लॉक का शिलान्यास किया गया।

- **क्रिटिकल केयर ब्लॉक्स का शिलान्यास मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोद द्वारा वीसी के माध्यम से किया गया**

इस ब्लाक का निर्माण 23.75 करोड़ की लागत से किया जाएगा। जिसमें गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोगो व दुर्घटना में घायलों स्थानीय स्तर पर ही विश्व स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा और उन्हें रेफर करने से निजात मिलेगी।

इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा विभिन्न राज्यों में मेडिकल कॉलेज एवं क्रिटीकल केयर यूनिट का लोकार्पण एवं शिलन्यास किया गया, इसके अलावा सीनियर सिटीजन के लिए चिकित्सीय योजना का शुभारंभ भी किया गया।

करौली में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने कहा कि धनतेरस के अवसर पर माननीय प्रधानमंत्री के द्वारा वीसी के माध्यम देशभर में विभिन्न स्वास्थ्य योजनाओं का शुभारंभ किया गया है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक सुविधाओं से युक्त 23.75 करोड़ की लागत से बनने जा रहे क्रिटिकल केयर ब्लॉक से करौली सहित आसपास के क्षेत्र के लोगों को बेहतर चिकित्सा सेवाएं प्रदान कर प्रदेश के स्वास्थ्य ढाँचे को और अधिक मज़बूती देगा व आदरणीय प्रधानमंत्री जी के मार्गदर्शन और माननीय मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा जी के नेतृत्व में अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक उत्तम स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने की हमारी डबल इंजन सरकार की परिकल्पना को साकार करेगा।

उप मुख्यमंत्री ने बताया कि जिले में क्रिटीकल केयर यूनिट में वर्ल्ड क्लास सुविधाएं मिलेगी तथा ब्लॉक्स में सभी प्रकार के उपकरण, विशेषज्ञ डॉक्टर तथा स्टाफ आपातकालीन सुविधाओं के लिए उपस्थित रहेंगे, जिससे की मरीजों को समय पर हर संभव उपचार मिलेगा । जिला स्तर पर सुविधाऐं मिलने पर उपचार के लिए उन्हे जिले से बाहर जाना नही पडेग़ा।

इस अवसर पर सांसद करौली-धौलपुर भजनलाल जाटव, विधायक करौली दर्शन सिंह गुर्जर, विधायक सपोटरा हंसराज मीणा, जिला प्रभारी सचिव आशुतोष एटी पेडनेकर, जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना, पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय, पूर्व विधायक रोहिणी कुमारी, राजकुमारी जाटव सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

**पश्चिम मध्य रेल**
**ई-निविदा सूचना यांत्रिक विभाग**
**दिनांक 25.10.2024**
मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक) पश्चिम मध्य रेलवे/कोटा द्वारा टर्न की के आधार पर निम्नलिखित कार्य के लिये निर्धारित प्रपत्र पर खुली निविदा (सिंगल पैकेट सिस्टम में) भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से पर्याप्त अनुभवी एवं वित्तीय क्षमता रखने वाली प्रतिष्ठित फर्म/कम्पनी से IREPS पोर्टल पर आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र IREPS पोर्टल पर दिनांक 18.11.2024 को 15.00 बजे बंद हो जायेगी तथा उसी दिन 15.30 बजे पर खोली जायेगी। **टेंडर नं.:** वरि. मं.या.अभि/प.म.रे/कोटा/16-24-25, **कार्य का विवरण:** सवाईमाधोपुर स्टेशन पर SCADA आधारित त्वरित जल व्यवस्था के प्रावधान का कार्य।, **अनुमानित लागत:** 11342201.30, **बयाना राशि:** 206700.00, **कम्प्लीशन पीरियड:** 6 माह, **निविदा खुलने की दिनांक एवं समय:** 18.11.2024 समय 15:30, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर डाली गई ई-निविदा सूचना में सम्पूर्ण विवरण उपलब्ध है। सम्पूर्ण निविदा प्रपत्र उपरोक्त वेबसाईट से उतारा जा सकता है।
**मंडल रेल प्रबंधक (यांत्रिक), पमरे, कोटा**
स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर